INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VI (2nd Lang.)	Department: Hindi	
पाठ -8- मैं सबसे छोटी होऊँ(कविता)	Topic: प्रश्नोत्तर तथा व्याकरण भाग	Note: Pl. write in your note book

पाठ 8 - 'मैं सबसे छोटी होऊँ (कविता)

अति लघु उत्तरीय प्रश्न

प्रश्न – 1 इस कविता में सबसे छोटी बनने की इच्छा किसकी है ?

उत्तर - इस कविता में सबसे छोटी बनने की इच्छा एक छोटी बालिका की है।

प्रश्न -2 माँ का आँचल पकड़कर उसके साथ- साथ कौन चलना चाहती है?

उत्तर - छोटी बच्ची माँ का आँचल पकड़कर उसके साथ- साथ चलना चाहती है।

प्रश्न - 3 छोटी बच्ची किसके साथ दिन-रात रहना चाहती है ?

उत्तर - छोटी बच्ची माँ के साथ दिन-रात रहना चाहती है।

प्रश्न - 4 माँ के आँचल की छाया में बच्ची कैसा महसूस करती है?

उत्तर - माँ के आँचल की छाया में बच्ची निर्भय महसूस करती है ।

प्रश्न- 5 माँ बालिका को किनकी कहानी सुनाती है?

उत्तर - माँ बालिका को परियों की कहानी सुनाती है ।

प्रश्न -6 घर में सबसे अधिक आपकी मदद कौन करता है ?

उत्तर- घर में सबसे अधिक हमारी मदद माँ करती है|

प्रश्न - 7 बच्ची कहाँ सोने की इच्छा व्यक्त करती है?

उत्तर - बच्ची माँ की गोद में सोने की इच्छा व्यक्त करती है।

प्रश्न - 8 बचपन में हमें अपने हाथों से कौन खिलाता - पिलाता है ?

उत्तर - बचपन में हमें अपने हाथों से माँ खिलाती - पिलाती है।

लघु उत्तरीय प्रश्न -

प्रश्न - **1-** माँ के आँचल की छाया दुनिया की सबसे सुरक्षित जगह है। कैसे ?

उत्तर - माँ के आँचल की छाया दुनिया की सबसे सुरक्षित जगह है । वहाँ हमें किसी तरह की चिंता नहीं होती और किसी तरह का खतरा भी महसूस नहीं होता । वह हमें लोगों की बुरी नज़र से भी बचाती है ।

प्रश्न - 2- बड़े होने पर हम कैसे माँ से अलग होते जाते हैं?

उत्तर- बड़े होने पर माँ पहले हमें खिलौने देकर खुद से अलग करती है। फिर वह हमें स्कूल भेजती है। हमारे नए दोस्त बनते हैं। हम पर ज़िम्मेदारियाँ डाल दी जाती हैं । पढ़ाई की ,परीक्षा की, खेलकूद की आदि इस प्रकार हम धीरे-धीरे माँ से अलग होते जाते हैं ।

प्रश्न - 3- बच्चों के लिए जीवन का सबसे सुहाना समय कौन-सा होता है?

उत्तर- बच्चों के लिए जीवन का सबसे सुहाना समय बचपन का होता है इस समय उन्हें कोई चिंता नहीं होती बस खेलना खाना और मस्ती करना यही उनका काम होता है।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न :-

प्रश्न 1- कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना क्यों की गई है ?

उत्तर:- कविता में सबसे छोटे होने की कल्पना इसलिए की गई है, जिससे कि लंबे समय तक -

1 - माँ का प्यार मिलता रहे।

2 - माँ के आँचल की छाया मिलती रहे।

3 - माँ का साथ मिलता रहे।

4 - विभिन्न प्रकार के खिलौने मिलते रहें।

5 - माँ द्वारा परियों की कहानियाँ सुनने को मिलें।

प्रश्न - 2 आपकी माँ आप लोगों के लिए क्या-क्या काम करती है ?

उत्तर- मेरी माँ मेरे लिए बहुत सारे काम करती है जैसे -

1 - मुझे प्यार से अपनी गोदी में सुलाती है।

2 - अपने हाथों से मुझे नहलाती और सजाती है।

3 - टिफिन बॉक्स देकर समय से स्कूल भेजती और लाती है।

4 - मेरी हर जरूरत का ध्यान रखती है।

5 - रात में सोने के समय कहानियाँ भी सुनाती है।

शब्दार्थ :-

1- अंचल - आँचल-The border or hem at the End Of sari or shawl

2- गोदी - mother’s lap

3- फिरूँ- साथ घूम सकना - move around with

4- छलना -धोखा देना -To cheat

5-मात – माँ – mother

6-सज्जित कर-सजा कर - Decorated

7-गात-शरीर-body

8-सुखद-सुख देने वाली - pleasant

9-निस्पृह-इच्छा रहित-Without any desire

10-निर्भर-आश्रित, सहारा पाना-Depend upon , Depend upon

11-चंद्रोदय-चाँद का उदय होना -The moon rise

व्याकरण भाग – Grammar

प्रश्न – 1 निम्न अनेकार्थी शब्दों से दो-दो शब्द बनाएँ –

(Multiple meaning words)

1 -	हार	-	माला	,	हारना
2 -	कुल	-	सब	,	वंश
3 -	अंक	-	गोद	,	संख्या
4 -	कर	-	हाथ	,	टैक्स
5 -	आम	-	साधारण	,	आम का फ़ल
6 -	कनक	-	सोना	,	गेंहूँ
7 -	अमर	-	देवता	,	जो कभी न मरे
8 -	उत्तर	-	जवाब	,	दिशा का नाम

प्रश्न 2 निम्नलिखित शब्दों से भाववाचक संज्ञा शब्द बनाइए:-

1 -	चोर	-	चोरी
2 -	आप	-	आपा
3 -	प्रभु	-	प्रभुता
4 -	ईमानदार	-	ईमानदारी
5 -	अहं	-	अहंकार

6 -	हारना	-	हार
7 -	लिखना	-	लेख
8 -	ठंडा	-	ठंडक
9 -	हँसना	-	हँसी
10-	जवान	-	जवानी

प्रश्न-3- निम्नलिखित वाक्यों में काल पहचान कर लिखिए –

1 -	लड़की ने सारा रस पी लिया ।	–	भूत काल
2 -	माता जी ने कहानी सुनाई ।	–	भूत काल
3 -	नेता जी भाषण दे रहे हैं ।	–	वर्तमान काल
4 -	मोहन सरकस देखने जाएगा।	–	भविष्यत काल
5 -	कल मीरा भारत जाएगी।	–	भविष्यत काल
6 -	नदी में मछलियाँ तैर रही थीं।	–	भूत काल
7 -	मानव कहानी पढ़ रहा है ।	–	वर्तमान काल
8 -	सोहन बगीचे में व्यायाम करता है।	-	वर्तमान काल
9 -	मोहिनी ने हिंदी गीत गाया ।	–	भूत काल
10 -	हेमा आज धर्म को पत्र लिखेगी ।	--	भविष्यत काल

****